**मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की 'भवन एवं कार्य समिति' ( Building and Works Committee ) की दिनांक 14 जुलाई, 2016 को अपरान्ह 03.00 बजे स्वर्ण जयन्ती सभागार में सम्पन्न द्वितीय बैठक की कार्यवृत्त।**

बैठक में उपस्थिति निम्नवत रही :-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | प्रो0 ओंकार सिंह,<br>कुलपति | : अध्यक्ष |
| 2 | प्रो0 वी0के0गिरी,<br>डीन--प्लानिंग, रिसोर्स जनरेशन<br>एवं एल्यूमनाई रिलेशन्स | : सदस्य |
| 3 | श्री सैयद इश्तियाक अहमद, अधीक्षण अभियन्ता<br>प्रतिनिधि-- मुख्य अभियन्ता,<br>पी0डब्लू0डी0, गोरखपुर | : सदस्य |
| 4 | प्रो0 एन0के0सक्सेना,<br>के0एन0आई0टी0,<br>सुल्तानपुर | : सदस्य |
| 5 | श्री ओ0पी0सिंह,<br>अधिशासी अभियन्ता, यू0पी0सिडको,<br>गोरखपुर | : सदस्य |
| 6 | श्री के0पी0सिंह,<br>कुलसचिव | : सदस्य |
| 7 | श्री हरिचरन सिंह,<br>वित्त नियन्त्रक | : सदस्य |
| 8 | प्रो0 एस0एम0अली जावेद,<br>विभागाध्यक्ष--सिविल एवं प्रोफेसर इन्चार्ज (अवस्थापना) | : सदस्य--सचिव |

प्रो0 जगवीर सिंह, आचार्य, राजकीय वास्तुकला महाविद्यालय, लखनऊ बैठक में किसी कारणवश उपस्थित नहीं हो सके।

मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की भवन एवं कार्य समिति ( Building and works Committee ) की द्वितीय बैठक के कार्यवृत्त निम्नवत् है:-

मद सं0.-- 02.00 **मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की भवन एवं कार्य समिति की प्रथम बैठक में लिये गये निर्णयों पर कार्यान्वयन का विवरण।**

समिति द्वारा भवन एवं कार्य समिति की प्रथम बैठक में लिये गये निणयों के कियान्वयन संबधी विवरण से अवगत होते हुए कृत कार्यवाही एवं प्रगति पर संतोष व्यक्त किया गया।

14/7/16

मद सं0.– 02.01 **विश्वविद्यालय की अवस्थापना सुविधाओं के उच्चीकरण के निमित्त शासनादेश संख्या– 2173/ सोलह–2014–9(बजट–3)/2014 दिनॉक 5.11.2014 के अन्तर्गत स्वीकृति कार्यो/भवन निर्माण कार्यो की अद्यतन प्रगति तथा कार्यवाही की सूचना एवं अनुमोदन।**

समिति द्वारा शासनादेश संख्या संख्या – 2173/सोलह–2014–9(बजट–3)/2014 दिनॉक 5.11.2014 के अन्तर्गत हो रहे समस्त कार्यो की सूचना से अवगत होते हुए कृत कार्यवाही पर अनुमोदन प्रदान किया गया एवं सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि अन्तिम 10 प्रतिशत धनराशि के भुगतान एवं भवन हस्तान्तरण से पूर्व कार्यदायी संस्था को कार्य पूर्ण होने के पश्चात वास्तविक व्यय विवरण विश्वविद्यालय को प्रस्तुत करना होगा ।

मद सं0.– 02.02 **एम0बी0ए0 भवन के प्रथम तल के निर्माण की अद्यतन प्रगति सूचना एवं अनुमोदन का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा एम0बी0ए0 भवन के प्रथम तल के निर्माण कार्य ( अनुमानित लागत रू0 58.27 लाख ) की प्रगति सूचना से अवगत होते हुए कृत कार्यवाही पर अनुमोदन प्रदान किया गया एवं सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि अन्तिम 10 प्रतिशत धनराशि के भुगतान एवं भवन हस्तान्तरण से पूर्व कार्यदायी संस्था को कार्य पूर्ण होने के पश्चात वास्तविक व्यय विवरण विश्वविद्यालय को प्रस्तुत करना होगा । ।

मद सं0.– 02.03 **प्रशासनिक भवन के पोर्टिको/कान्फ्रेन्स हाल के निर्माण की अद्यतन प्रगति तथा कार्यवाही की सूचना एवं अनुमोदन का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा प्रशासनिक भवन के पोर्टिको/कान्फ्रेन्स हाल के अनुबन्धित निर्माण कार्य ( अनुमानित लागत रू0 40.00 लाख के सापेक्ष पुनरीक्षित लागत रू0 48.49 लाख ) एवं कान्फ्रेन्स हाल को उपयोगी बनाने हेतु वातानुकूलन एवं खिडकियों पर स्टीकर एवं ब्लाइंड तथा फर्नीचर के कार्य भण्डार अनुभाग के माध्यम से रू0 12.19 लाख व्यय के साथ हुये कार्य की सूचना से अवगत होते हुए कृत कार्यवाही पर अनुमोदन प्रदान किया गया ।

मद सं0.– 02.04 **कुलपति कैम्प कार्यालय के निर्माण की अद्यतन प्रगति तथा कार्यवाही की सूचना एवं अनुमोदन का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा कुलपति कैम्प कार्यालय द्वितीय चरण विस्तार/निर्माण के कार्य ( अनुमानित लागत रू0 52.84 लाख ) की सूचना से अवगत होते हुए कृत कार्यवाही पर अनुमोदन प्रदान किया गया एवं सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि कार्य शीध्रातिशीघ्र पूर्ण कराया जाय तथा अन्तिम 10 प्रतिशत धनराशि के भुगतान एवं भवन हस्तान्तरण से पूर्व कार्यदायी संस्था को कार्य पूर्ण होने के पश्चात वास्तविक व्यय विवरण विश्वविद्यालय को प्रस्तुत करना होगा । ।

मद सं0.– 02.05 **विश्वविद्यालय कैफेटेरिया के विस्तार/निर्माण कार्य के अनुमोदन का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा छात्र संख्या वृद्धि के फलस्वरूप कैफेटेरिया के विस्तार/निर्माण कार्य को औचित्यपूर्ण पाते हुये इस के प्रारम्भिक प्लिंथ एरिया आगणन रू0 24.14 लाख के सापेक्ष रू0 22.07 लाख के अनुमानित लागत (फायर फाइटिंग व एप्रोच रोड छोडकर ) के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया ।

मद सं0.— 02.06

**विश्वविद्यालय वाहन गैरेज के विस्तार/निर्माण कार्य के अनुमोदन का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा विश्वविद्यालय वाहनो हेतु समुचित गैरेज उपलब्ध न होने के दृष्टिगत गैरेज के विस्तार/निर्माण कार्य हेतु प्रारम्भिक/प्लिंथ एरिया आगणन रू0 16.50 लाख के सापेक्ष रू0 15.87 लाख के कार्य ( फायर फाइटिंग छोडकर) के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद सं0.— 02.07

**विश्वविद्यालय चिकित्सालय के विस्तार/निर्माण कार्य के अनुमोदन का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा विश्वविद्यालय की क्षमता वृद्धि के कारण विद्यमान चिकित्सालय के विस्तार/निर्माण हेतु प्रारम्भिक प्लिंथ एरिया आगणन रू0 35.51 लाख के सापेक्ष रू0 33. 57 लाख ( फायर फाइटिंग व एक्स्टरनल साईट डेवलपमेंट कार्य छोडकर) के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद सं0.— 02.08

**विश्वविद्यालय में बैंक भवन के निर्माण कार्य के अनुमोदन का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा सक्षम स्तर द्वारा पूर्व में लिये गये निर्णय के कम में प्रशासनिक भवन में स्थित बैंक को विस्थापित कर नये भवन में ले जाने हेतु बैंक भवन निर्माण कार्य हेतु गठित विस्तृत आगणन रू0 70.70 लाख के सापेक्ष निविदा के आधार पर पुनरीक्षित आगणन रू0 66.74 लाख की सूचना से अवगत होते हुए कृत कार्यवाही पर अनुमोदन प्रदान किया गया ।

मद सं0.— 02.09

**अम्बेडकर भवन पुरूष छात्रावास के उत्तरी ब्लाक के प्रथम तल पर 48 अदद सिंगिल सीटेड कमरों का निर्माण कार्य के अनुमोदन का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा छात्र संख्या वृद्धि के दृष्टिगत अम्बेडकर भवन पुरूष छात्रावास के उत्तरी ब्लाक के प्रथम तल पर 48 कमरों के निर्माण कार्य हेतु गठित प्रारम्भिक प्लिंथ एरिया आगणन रू0 121.97 के सापेक्ष रू0 117.99 लाख ( फायर फाइटिंग छोडकर ) के प्रस्ताव को सरकारी कार्यदायी संस्था से प्रस्ताव प्राप्त करते हुये इस हेतु उ0 प्र0 शासन से धन अवमुक्त कराये जाने के प्रस्ताव प्रेषण पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद सं0.— 02.10

**विश्वविद्यालय परिसर में सडकों का मरम्मत एवं रखरखाव कार्य के अनुमोदन का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में खराब हो चुकी सड़को की मरम्मत कार्य को अत्यंत आवश्यक एवं प्राथमिकता के आधार पर कुल लम्बाई का अधिकतम एक तिहाई सडकों का मरम्मत रू0 49.95 लाख की सीमा तक विस्तृत आगणन के आधार पर कार्य कराने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया ।

मद सं0.— 02.11

**विश्वविद्यालय में गत बैठक के बाद अद्यतन कराये गये/कराये जा रहे अन्य प्रमुख कार्यों की सूचना एवं उनके अनुमोदन का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा विश्वविद्यालय में गत बैठक के वाद अद्यतन कराये गये/कराये जा रहे अन्य प्रमुख कार्यो की सूचना (संलग्नक–1) से अवगत होते हुए कृत कार्यवाही पर अनुमोदन प्रदान किया गया।



14/7/16

मद सं0.--- 02.12

<u>अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य प्रस्ताव।</u>

01. समिति द्वारा राज्य सरकार से अनुदानित एवं यू0पी0आर0एन0एन0 द्वारा कराये जा रहे एम0टेक0 स्ट्रक्चर लैब निर्माण कार्य में अत्यधिक धीमी गति पर चिंता व्यक्त करते हुये इस हेतु 15 दिनों का कार्यदायी संस्था को और समय देकर देखने और उसके उपरान्त भी कार्य न कराने की दशा में विश्वविद्यालय हित में कार्यादेश निरस्त करने एवं वैल्यूवेशन कराकर किसी अन्य कार्यदायी संस्था से संदर्भित कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया ।

02. समिति द्वारा छात्र/शिक्षक संख्या वृद्धि के फलस्वरूप जलापूर्ति मॉग में हुयी बढ़ोत्तरी के कारण जलापूर्ति की समस्याओं के निदान के लिये 02 अदद नये ट्यूबेल एवं पम्प हाउस निर्माण एवं पुराने जलापूर्ति पाइप लाइन नेटवर्क सुदृढीकरण/विस्तार कार्य को औचित्यपूण पाते हुये कार्य हेतु विस्तृत प्रस्ताव तैयार कराने एवं नियमानुसार अग्रेत्तर कार्यवाही के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया ।

अन्त में अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापन सहित बैठक सम्पन्न हुई ।

( प्रो0 एस0एम0अली जावेद )
विभागाध्यक्ष--सिविल इंजी0 विभाग
सदस्य--सचिव

अनुमोदित

15/7/16

( प्रो0 ओंकार सिंह )
कुलपति
अध्यक्ष

संलग्नक

विश्वविद्यालय में गत बैठक के बाद अद्यतन कराये गये/कराये जा रहे अन्य प्रमुख कार्यो की सूचना

| | कार्यो का विवरण | अनुमानि लागत रू0 लाख में |
|---|---|---|
| 01 | विभिन्न विभागों की आन्तरिक रंगाई व पूताई | |
| | कम्प्युटर साइंस पुराना ब्लाक | 0.87 |
| | कम्प्युटर साइंस नया ब्लाक | 0.47 |
| | इन्लेक्ट्रानिक्स | 0.89 |
| | अधिष्ठाता भवन | 0.89 |
| | इलेक्ट्रिकल | 0.93 |
| | सिविल ब्लाक – II | 0.96 |
| | यांत्रिक विभाग | 0.95 |
| | प्रयुक्त विज्ञान प्रथम तल | 0.86 |
| 02 | अधिष्ठाता भवन में वायरिंग | 0.96 |
| 03 | छात्रावास अधीक्षक/IV/3-4 का रखरखाव | 0.95 |
| 04 | मा0 कुलपति सचिवालय का इलेक्ट्रिकल पैनल | 0.90 |
| 05 | तिलक भवन में किचेन प्लेटफार्म | 0.42 |
| 06 | मा0 कुलपति आवास में दरवाजों का बदलाव | 0.99 |
| 07 | शान्ति स्वरूप भट्नागर एवं होमी जे0 भाभा हाल में जूट कारपेट फ्लोरिंग | 0.81 |
| 08 | सरस्वती भवन के प्रांगण में स्थित छात्रावास अधीक्षिका भवन का विशेष अनुरक्षण | 3.60 |
| 09 | कार्यशाला में शौचालय का निर्माण/जिर्णोधार | 3.70 |
| 10 | आवास संख्या ख/III/13 व 10 का रखरखाव | 0.61 |
| 11 | 50 के0वी0ए0 ट्रान्सफारमर का मरम्मत | 0.72 |
| 12 | आवास संख्या ख/III/16 व 10 का रखरखाव | 0.46 |
| 13 | अधिष्ठाता भवन के दरवाजों आदि का मरम्मत एवं रखरखाव | 0.87 |
| 14 | सरोजनी भवन के शौचालय का मरम्मत | 0.72 |
| 15 | मा0 कुलपति कार्यालय का विस्तार | 6.66 |
| 16 | कार्यशाला में चहारदीवारी का निर्माण | 4.00 |